Faculty of Architecture & Planning
(Incorporating Former *Lucknow College of Architecture*)
Tagore Marg, Lucknow – 226 007;(U.P) India
Phone: +91 522 2989090 (Telefax);+91 522 2989090
Website: www.foaaktu.ac.in, e-mail: dean.foa@aktu.ac.in

वास्तुकला एवं योजना संकाय
(पूर्ववर्ती लखनऊ वास्तुकला महाविद्यालय संयुक्तित)
टैगोर मार्ग, लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
दूरभाष– +91522 2989090 (टेलीफेक्स)+91522 2989090
वेबसाइट: www.foaaktu.ac.in ई मेल dean.foa@aktu.ac.in

संख्याः लवाम / सूचना / 2022–23 / 01–

दिनांक 23 जुलाई, 2022

सूचना

स्वतन्त्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक गरिमामय रूप से मनाये जाने के सम्बन्ध में प्राविधिक शिक्षा विभाग की कार्ययोजना, डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलॉम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्रांक ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2022 / 16850 दिनांक 13.07.2022 के द्वारा उपलब्ध कराते हुए निर्देश दिये गये हैं कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में झण्डा संहिता के अनुसार संस्थान स्तर पर कार्ययोजना के अनुसार 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम' का सफल आयोजन कराया जाना सुनिश्चित किया जाये, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतीय को अपने घर / प्रतिष्ठान पर झण्डा फहराने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। उक्त कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरान्त कार्यक्रम से सम्बन्धित फोटोग्राफ युक्त पुस्तिका विश्वविद्यालय की ई–मेल आई0डी0–registrar@aktu.ac.in पर दिनांक 20.08.2022 तक उपलब्ध कराया जाना है।

उपरोक्त तारतम्य में संस्था में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत है:

- Open house starts from 10 Aug 2022 to 17 Aug 2022.

Day 1 : 11 Aug 2022

- 10:30 AM – 11:30 AM: Flag Hoisting and recitation of *'Jhanda Geet'*

Day 2 : 12 Aug 2022

- 10:30 AM onwards: Discussion about the life history of forgotten freedom fighters

Day 3 : 13 Aug 2022

- 10:30 AM – 4:00 PM: Literary events

Day 4 : 14 Aug 2022

- 10:30 AM – 4:00 PM: Sports events

Day 5 : 15 Aug 2022

- Independence day celebration

Day 6 : 16 Aug 2022

- 10:30 AM onwards: Tree plantation and cleanliness drive

Day 7 : 17 Aug 2022

- 10:30 AM – 4:00 PM: Cultural events

संस्था की सभी कक्षाओं के विषय अध्यापक अपनी–अपनी कक्षाओं के 'सबमिशन के टॉप–03' छात्रों को प्रदर्शनी हेतु श्री श्रेयक सिंह, असिस्टेन्ट प्रोफेसर से सम्पर्क करने के लिए निर्देशित करें।

अतः संस्था के सभी अध्यापक, स्टॉफ एवं छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे निश्चित रूप से उपरोक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें, जो भी छात्र / छात्राएं उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में उपस्थित नहीं रहेगें, उन्हें अगले शैक्षिक सत्र में छात्रावास की सुविधा नहीं दी जायेगी।

(प्रो0वन्दना सहगल)
प्रधानाचार्य एवं अधिष्ठाता।

प्रतिलिपि संख्याः लवाम / सूचना / 2022–23 / 01– 01-733(A) **तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विभागाध्यक्ष, वास्तुकला।
2. छात्रावास अधीक्षकों (पुरूष एवं कन्या छात्रावास)
3. श्री गिरीश पाण्डेय, असिस्टेन्ट प्रोफेसर,
4. श्री तबिस अहमद अब्दुल्लाह, असिस्टेन्ट प्रोफेसर को कि वे विश्वविद्यालय / शासन के अपेक्षानुसार कार्यवाही करवाया जाना सुनिश्चित करें।
5. श्रीमती एकता, असिस्टेन्ट प्रोफेसर
6. लेखालिपिक।
7. केयर टेकर ।
8. समस्त स्टॉफ मेम्बर्स को सरकुलेशन के माध्यम से।
9. समस्त सूचना पट्ट राष्ट्रगान की प्रति सहित।
10. गार्ड फाइल।

(प्रो0वन्दना सहगल)
प्रधानाचार्य एवं अधिष्ठाता।

Scanned with CamScanner

झण्डा गीत



विजयी विश्व तिरंगा प्यारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

सदा शक्ति बरसाने वाला
प्रेम-सुधा सरसाने वाला
वीरों को हर्षाने वाला
मातृभूमि का तन-मन सारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

स्वतंत्रता के भीषण रण में
लड़ कर जोश भरे छन-छन में
कांपे क्षत्रु देखकर मन में
मिट जाये भय-संकट सारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

इस झंडे के नीचे निर्भय
ले स्वराज्य हम अब चल निश्चय
बोलें भारत माता की जय
स्वतंत्रता है ध्येय हमारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

आओ प्यारे वीरो आओ
देश-धर्म पर बलि-बलि जाओ
एक साथ सब मिल कर गाओ
प्यारा भारत देश हमारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

इसकी शान न जाने पाये
चाहे जान भले ही जाये
विश्व विजय करके दिखलाये
तब होवे प्रण पूर्ण हमारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

Scanned with CamScanner